मुझे मेरे श्याम औकात में रखना | by Prince Harry

सुख हो या दुःख हो तेरा शुक्र मनाऊं
सर झुकाके मेरे श्याम तुझे दिल की सुनाऊँ
अच्छे चाहे बुरे तू हालात में रखना
मुझे मेरे सांवरे औकात में रखना

हर समय बाबा तेरा शुक्र मनाऊं मैं
सुख हो या दुःख हो तुझे ना भुलाउं मैं
झुका रहे सर जज़्बात में रखना
मुझे मेरे सांवरे औकात में रखना

रुतबा ना मांगता मैं ओहदा नहीं मांगता
बाबा मैं दीवाना तेरे सेवकों के साथ का
मुझे सेवादारों की कतार रखना
मुझे मेरे सांवरे औकात में रखना

हक़ हलाल वाली रूखी सुखी खाऊं मैं
जब कुछ पाऊं श्याम और झुक जाऊं मैं
प्रिंस का सादापन हर बात में रखना
मोना का सादापन हर बात में रखना
मुझे मेरे श्याम औकात में रखना
मुझे मेरे सांवरे औकात में रखना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%94%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a4-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b0/